रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 36] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 3, 1996/अग्रहायण 12, 1918
No. 36] NEW DELHI, TUESDAY, DCEMBER 3, 1996/AGRAHAYANA 12, 1918

SECRETARIAT OF INDIA

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी

भविष्य निधि योजना, 1995

अधिसूचना

नई दिल्ली 1 नवम्बर, 1996

सं. डी ई एल : एन डी डी बी.—राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड अधिनियम, 1987 (1987 का 37) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निदेशक मंडल उक्त अधिनियम की धारा 22 (5) के अनुसार एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियमों का उपबंध करते हैं, यथा :—

1. शीर्षक

निधि "राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि" कहलाएगी और ये नियम 1-11-1995 से लागू समझे जाएंगे।

2. परिभाषा

इन नियमों में, जब तक कि विषय या संदर्भ के विरुद्ध कोई बात न हो :

(क) "शिक्षु" का अर्थ है वह शिक्षार्थी या प्रशिक्षणार्थी जिसे प्रशिक्षण के दौरान वृत्तिका दी जाती हो।

(ख) "मूल वेतन" का अर्थ है किसी कर्मचारी द्वारा काम या छुट्टी या अवकाश के दौरान किसी भी स्थिति में नियोजन के संविदा के निबंधन के अनुसार मजदूरी के साथ अर्जित वे सब उपलब्धियाँ जो उसे नकद रूप में दी जाती हैं या देय होती हैं, लेकिन उसमें यह सम्मिलित नहीं है :—

(i) किसी भी खाद्य संबंधी रियायत का नकद मूल्य;

(ii) कोई भी महंगाई भत्ता (यथा, कर्मचारी को निर्वाह खर्च में वृद्धि होने के कारण किसी भी नाम से दी जाने वाली समस्त नकद अदायगियाँ), मकान किराया भत्ता, उपरिसमय भत्ता, बोनस, कमीशन या इसी प्रकार का अन्य कोई भत्ता जो कर्मचारी को अपने नियोजन या ऐसे नियोजन में किए गए कार्य के लिए देय हो ;

(iii) नियोजक द्वारा दिया गया कोई भी उपहार;

(iv) निलंबनाधीन अवधि के दौरान लिया गया निर्वाह भत्ता।

(ग) "मंडल" का अर्थ है निधि का न्यासी-मंडल ।

(घ) "संतान" का अर्थ है वैध संतान और इसमें दत्तक संतान शामिल है; यदि न्यासी-मंडल संतुष्ट है कि सदस्य की स्वीय विधि के अधीन संतान को दत्तक लेना विधितः मान्य है ।

(ङ) "चेयरमैन" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का चेयरमैन

(च) इस योजना के प्रयोजन के लिए "निरंतर सेवा" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अधीन सदस्य द्वारा की गई अविरत सेवा और इसमें बीमारी, दुर्घटना, प्राधिकृत छुट्टी, हड़ताल जो अवैध नहीं है या कार्याविरोध जो कर्मचारी की गलती के कारण नहीं है, सम्मिलित है ।

(छ) "नियोजक" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड ।

(ज) "कर्मचारी" का अर्थ है कोई भी वह व्यक्ति जो राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के कार्य में या उससे संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार के शारीरिक कार्य में या अन्यथा मजदूरी के लिए नियोजित है और जो अपनी मजदूरी प्रत्यक्ष रूप में या अप्रत्यक्ष रूप में नियोजक से प्राप्त करता है और इसमें कोई भी ऐसा व्यक्ति शामिल है जो (i) स्थापना के कार्य में या उससे संबंधित कार्य में ठेकेदार द्वारा या उसके मार्फत नियोजित है, (ii) शिक्षु के रूप में रखा हुआ है, लेकिन शिक्षु अधिनियम, 1961 के या स्थापना के स्थायी आदेशों के अधीन रखा गया है ।

(झ) "परिवार" का अर्थ है:-

(i) पुरुष सदस्य के मामले में उसकी पत्नी, विवाहित या अविवाहित बच्चे, और सदस्य के आश्रित माता-पिता एवं सदस्य के मृतक पुत्र के बच्चे और विधवा ।

परंतु यदि सदस्य यह साबित कर देता है कि स्वीय विधि जिससे वह विनियमित होता है या पति-पत्नी जिस समुदाय से संबंधित हैं उसकी रूढ़िजन्य विधि के अधीन उसकी पत्नी भरणपोषण की हकदार नहीं रह गई है तो इन नियमों के प्रयोजन के लिए वह सदस्य के परिवार की नहीं मानी जाएगी जब तक कि सदस्य न्यासी मंडल को लिखित रूप में बाद में यह सूचित नहीं कर देता है कि उसे पत्नी के रूप में परिवार का सदस्य माना जाना चाहिए; और

(ii) महिला सदस्य के मामले में उसका पति, विवाहित या अविवाहित बच्चे, उसके आश्रित माता-पिता, उसके पति के आश्रित माता-पिता और उसके मृतक पुत्र की विधवा और बच्चे

परंतु यदि महिला सदस्य न्यासी मंडल को लिखित नोटिस के जरिए अपने पति को परिवार से निकालने की इच्छा व्यक्त करती है तो इन नियमों के प्रयोजन के लिए पति और उसके आश्रित माता-पिता सदस्य के परिवार के नहीं माने जाएंगे जब तक कि महिला सदस्य इस प्रकार दिए गए नोटिस को बाद में रद्द नहीं कर देती ।

<u>स्पष्टीकरण।-</u>

उपर्युक्त दोनों दशाओं में से हर एक में यदि सदस्य का बच्चा (या यथास्थिति, सदस्य के मृतक पुत्र का बच्चा) किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दत्तक ग्रहण कर लिया गया है और दत्तक ग्रहीता की स्वीय विधि के अधीन दत्तक ग्रहण करना विधित: मान्य है तो ऐसे बच्चे को सदस्य के परिवार से बाहर का माना जाएगा

(झ) "वित्तीय वर्ष का अर्थ है 1 अप्रैल से 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष की अवधि ।

(ट) "निधि" का अर्थ है इस योजना के अधीन स्थापित भविष्य निधि ।

(ठ) "सदस्य" का अर्थ है वह कर्मचारी जो निधि का अभिदाता है और उसमें ऐसे अन्य व्यक्ति भी सम्मिलित होंगे जिन पर राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि योजना का विस्तारण किया जाएगा ।

(ड) "राडेविबो" का अर्थ है राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड जो राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड अधिनियम 1987 (1987 का 37) द्वारा गठित किया गया है ।

(ढ) "नामित व्यक्ति या नामित व्यक्तियों" का अर्थ होगा कर्मचारी द्वारा लिखित रूप में नामित कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्ग जो अध्याय-III के नियमों के अनुसार आहरण करने से पूर्व कर्मचारी की मृत्यु हो जाने की दशा में, निधि से कर्मचारी को अदा की जाने वाली राशि या राशि के किसी अंश को प्राप्त करने के लिए हकदार होंगे ।

(ण) "अध्यक्ष" का अर्थ है निधि के न्यासी-मंडल का अध्यक्ष ।
(त) "सचिव" का अर्थ है न्यास का सचिव ।
(थ) "योजना" का अर्थ है "राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि योजना ।
(द) "न्यासी" का अर्थ है और इसमें सम्मिलित है तत्समय के लिए निधि के न्यासी ।

3. निधि की स्थापना

(1) एक निधि की स्थापना की जाएगी जिसे राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1995 कहा जाएगा । निधि विद्यमान न्यास के अधीन न्यासी मंडल में निहित होगी और उसे वह सभी हितधिकारियों की सहमति के बिना परिवर्तनीय नहीं होगी ।

(2) निधि का गठन निम्न से होगा:-
(क) अभिदान और उस पर संचयन ।
(ख) अंशदान और उस पर संचयन ।
(ग) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अधीन प्रत्येक सदस्य के नाम जमा संचित शेष ।

(घ) इस प्रकार के अभिदानों, अंशदानों, संचयनों और संचित शेषों के मामले में जमा किया गया ब्याज ।

(ङ) विनिमय 18 के अधीन निधि में जमा शेष और

(च) निधि की परिसंपत्तियों से उद्भूत पूंजीगत लाभ ।

3 क. <u>निधि का प्रशासन करने के लिए न्यासी मंडल</u>

(1) निधि का प्रशासन राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा एक न्यासी मंडल के माध्यम से किया जाएगा जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:-

(क) एक अध्यक्ष जिसकी नियुक्ति राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा की जाएगी ।

(ख) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के कम से कम दो और अधिक से अधिक पाँच प्रतिनिधि जिनकी नियुक्ति राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा की जाएगी ।

(ग) कर्मचारियों के कम से कम दो और अधिक से अधिक पाँच प्रतिनिधि जिनकी नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा की जाएगी ।

परंतु मंडल में न्यासियों की संख्या 5 से कम और 12 से अधिक नहीं होगी ।

परन्तु यह भी कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों की संख्या एक बराबर होगी ।

(2) प्रत्येक न्यासी की पदावधि तीन वर्ष की होगी, जो नियुक्ति की तिथि से शुरू होगी और तब तक जारी रहेगी जब तक कि उसका उत्तराधिकारी कार्यभार नहीं संभाल लेता ।

(3) न्यासी मंडल अपने संकल्प द्वारा न्यासी के रूप में नियुक्त सदस्यों में से एक सदस्य को निधि का सचिव नियुक्त करेगा । राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए कर्मचारी की सहायता सचिव को उपलब्ध होगी और सचिव का यह दायित्व होगा कि वह बैठकों का आयोजन करके उनका रिकार्ड रखे, उचित तरीके से खातों के रख-रखाव को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए और मंडल के निर्णयों को कार्यान्वित करे ।

(4) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का कोई भी कर्मचारी जो कम से कम दो वर्ष से निधि का सदस्य और जो 45 वर्ष से कम आयु का नहीं है, उसे न्यासी नियुक्त किया जा सकता है ।

पद छोड़ने वाला न्यासी, इसमें इसके पूर्व उपबंधित तरीके से पुनर्नियुक्ति का हकदार होगा ।

(5) कोई भी व्यक्ति न्यासी मंडल के न्यासी के रूप में अयोग्य होगा:-

(i) यदि उसे सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित्त वाला घोषित कर दिया गया है, या

(ii) यदि उसे नैतिक धरिश्रष्टीनता वाले अपराध में सजा हुई है, या

(iii) यदि वह अनुन्मोचित दिवालिया है या

(6) मंडल के कार्यकाल के दौरान न्यासी/न्यासियों के न्यासी न रहने की दशा में उनका उत्तराधिकारी इससे इसके पूर्व उपबंधित तरीके से नियुक्त किया जाएगा ।

परन्तु इस प्रकार नियुक्त किए गए न्यासी, न्यासी मंडल की असमाप्त अवधि के लिए पदधारण करेंगे ।

(7) न्यासी न्यासी मंडल में नहीं रहेगा, यदि वह :-

i) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड का कर्मचारी नहीं रहता है; या

ii) योजना का सदस्य नहीं रहता है; या

iii) नियम 3.5 में उल्लिखित किसी भी प्रकार से अयोग्य पाया गया हो ; या

iv) न्यासी मंडल के अध्यक्ष से अनुपस्थिति की इजाजत लिए बिना मंडल की लगातार तीन बैठकों में उपस्थित रहने में असफल रहता है, परन्तु यदि न्यासी मंडल का अध्यक्ष उसकी इस प्रकार की अनुपस्थिति के युक्तियुक्त आधारों से संतुष्ट है तो वह उसे उसकी न्यासिता बहाल कर सकता है; या

v) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा नियुक्त होने के कारण राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा उसकी नियुक्ति रद्द कर दी जाती है

(8) किसी भी विवाद या संदेह के मामलों को प्रबंध निदेशक/चेयरमैन, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड को भेजा जाएगा, जिसका निर्णय अंतिम होगा ।

4. <u>नए न्यासी या न्यासियों की नियुक्ति</u>

न्यासी मंडल के अध्यक्ष को लिखित रूप में सूचित करके न्यासी अपने पद का त्याग कर सकता है, और उसका पद उस तारीख से रिक्त माना जाएगा जिस तारीख को न्यासी मंडल उसका त्यागपत्र स्वीकार करता है ।

मंडल में इस प्रकार रिक्त पद उपर्युक्त नियम 3 के उपबंधों के अनुसार भरा जाएगा और ऐसी प्रत्येक नियुक्ति पर, निधि चालू और नए न्यासियों में निहित रहेगी। इस प्रकार नियुक्त नये न्यासी मंडल के अन्य न्यासियों की पदावधि समाप्त होने तक पदधारण करेंगे ।

5. **निधि का नियंत्रण**

न्यासी मंडल का निधि पर पूर्ण नियंत्रण होगा और मंडल इन नियमों के अधीन अपनी ओर से विभिन्न कार्यों के निष्पादन के लिए न्यासियों या स्थापना के पदधारियों को शक्तियों का प्रत्योजन करेगा और इस प्रयोजन के लिए आवश्यक समझे गए मार्गदर्शक सिद्धांत जारी कर सकेगा । मंडल इन नियमों के अधीन उत्पन्न होने वाले उन सभी मतभेदों और विवादों का भी विनिश्चय करेगा जो चाहे स्पष्टीकरण से संबंधित हो या स्थापना और/या सदस्यों के अधिकारों और दायित्वों से संबंधित हो और उपस्थित सभी सदस्यों के बहुमत का निर्णय सभी मामलों में अंतिम होगा और संबंधित सभी पार्टियों पर बाध्यकारी होगा । मत समान होने पर चेयरमैन निर्णायक मत का प्रयोग करेंगे । यदि मंडल का ऐसा कोई निर्णय सदस्यों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला समझा जाता है तो वह मामला राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के चेयरमैन/प्रबंध निदेशक को भेजा जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगा ।

(2) न्यासी मंडल मंडल के किसी भी न्यासी को पद से हटा सकता है यदि उसके मत में ऐसे न्यासी या सदस्य ने मंडल के उस हित का प्रतिनिधित्व करना छोड़ दिया है जिसका प्रतिनिधित्व न्यास मण्डल में उनके द्वारा किया जाना था ।

परन्तु ऐसा कोई न्यासी पद से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि उसे प्रस्तावित कार्यवाही के विरुद्ध अभ्यावेदन करने के लिए उचित अवसर प्रदान नहीं किया जाता है ।

(3) i) निधि का संचालन करने की लागतों, प्रभारों और व्ययों के साथ-साथ लेखे-जोखे का रखरखाव, लेखा परीक्षा, पत्रकों का प्रस्तुतीकरण, और भविष्य निधि संचयों का अंतरण तथा बैंक प्रभार का वहन राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा किया जायेगा ।

ii) यदि चोरी, सेंधमारी, व्यतिक्रम, दुर्विनियोग या अन्य किसी कारण से निधि को हानि पहुँचती है तो उस की भरपाई राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा की जाएगी ।

6 क. **बैठकें**

1) न्यासी मंडल की बैठक के स्थान और समय जिसका निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा । अध्यक्ष जब कभी भी उचित समझे मंडल की बैठक बुला सकता है और तीन से अधिक न्यासियों से लिखित रूप में आवेदन प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर मंडल की बैठक बुलाएगा ।

2) प्रत्येक बैठक के लिए कम से कम सात पूर्ण दिनों का नोटिस समस्त न्यासियों को दिया जाएगा और इस नोटिस में बैठक की तारीख, समय और स्थान और उसमें किए जाने वाले कार्य की सूची का उल्लेख होगा;

परन्तु जब अध्यक्ष ऐसे किसी विषय के विचारार्थ बैठक बुलाता है जो उसके मतानुसार अत्यावश्यक है तो अध्यक्ष द्वारा दिया गया कोई भी लघुतर नोटिस जो उसके विचार में उचित है, इस योजना के प्रयोजन के लिए पर्याप्त माना जाएगा ।

3) अध्यक्ष, मंडल की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा । उसकी अनुपस्थिति में न्यासी अपने ही सदस्यों में से एक सदस्य का चयन बैठक की अध्यक्षता के लिए करेंगे ।

6 ख. **मंडल की बैठक के लिए गणपूर्ति(कोरम) और प्रक्रिया**

1) मंडल की किसी भी बैठक में कोई कार्य नहीं किया जाएगा जब तक कि ऐसी बैठक में कम से कम तीन न्यासी उपस्थित न हों जिनमें से एक न्यासी विनियम 3 (क) के खंड 1 (ख) के अधीन नियुक्त न्यासी होना चाहिए और एक न्यासी (1) (ग) के अधीन नियुक्त न्यासी होना चाहिए ।

2) यदि किसी भी बैठक में उपस्थित न्यासियो की संख्या अपेक्षित गणपूर्ति से कम है, तो अध्यक्ष बैठक स्थगित कर देगा और स्थगित बैठक के समय और स्थान की सूचना न्यासियों को देगा और ऐसा होने पर ऐसी स्थगित बैठक मे कार्य का निपटारा करना विधिपूर्ण होगा चाहे उस बैठक में कितने ही न्यासी उपस्थित हों और चाहे उसमें कम से कम एक न्यासी विनियम (3 क) के खंड (1)(ख) के अधीन नियुक्त हुआ और एक न्यासी (3 क) खंड (1) (ग) के अधीन नियुक्त हुआ, उपस्थित हो या न हो ।

3) मंडल की बैठक में विचारार्थ प्रत्येक प्रश्नगत विषय का निर्णय उपस्थित और मत देने वाले न्यासियोंके बहुमत से होगा और अध्यक्ष का निर्णायक मत होगा ।

4) मंडल का कोई भी कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण से अवैध नहीं समझी जाएगी कि मंडल में कोई रिक्ति है या उसके गठन में या अध्यक्ष या किसी न्यासी की नियुक्ति में कोई त्रुटि है ।

5) सचिव न्यासी मंडल की सभी बैठकों की कार्यवाहियों के कार्यवृत्त और सभी संकल्प परिपत्रों को सम्यक रूप से इस प्रयोजन के लिये रखी गई कार्यवृत्त पुस्तक में दर्ज करायेगा । ऐसे सभी कार्यवृत्तों पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे या उसकी अनुपस्थिति में अगली बैठक के अध्यक्ष द्वारा किये जायेंगे, सभी कार्यवृत्त जिनका यह अभिप्रेत है कि वे हस्ताक्षरित किए गए हैं सभी प्रयोजनों के लिये इस बात के प्रथमदृष्टया साक्ष्य होंगे कि उसमें दर्ज कार्यवाहियाँ और तथ्य कि बैठक सम्यक और नियमित रूप में बुलाई और आयोजित की गई थी और उसमें सभी कार्यवाहियाँ संपन्न की गई ।

7) निधि की सदस्यता

क) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड में या इसके कार्य के संबंध में नियोजित प्रत्येक कर्मचारी राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड में कार्यग्रहण की तारीख से निधि का सदस्य बनने का हकदार होगा और उसका सदस्य बनना अनिवार्य होगा ।

ख) सदस्य बन जाने के पश्चात प्रत्येक कर्मचारी का निधि का सदस्य बने रहना तब तक जारी रहेगा जब तक कि वह निधि से अपनी संचित पूर्ण भविष्य निधि नहीं निकाल लेता । नियम 22 के अधीन न्यासियों द्वारा कर्मचारी को प्राधिकृत की गई अदायगी की तारीख को निधि से सदस्यता का समाप्त होना माना जायेगा, चाहे वावे की तारीख कुछ भी हो ।

ग) प्रत्येक कर्मचारी सदस्य बन जाने पर अनुबंध "ख" में दिए गए घोषणा प्रारूप पर हस्ताक्षर करेगा । तथापि, इस प्रकार की घोषणा के अभाव में उसकी सदस्यता अवैध नहीं होगी ।

घ) प्रत्येक कर्मचारी राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड में कार्यग्रहण करने की तारीख से निधि का सदस्य हो जायेगा बशर्ते कि वह पहले छूट-प्राप्त स्थापन से संबंधित निधि का सदस्य था या कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 के अधीन निधि का सदस्य तथा और उसने अपनी भविष्य निधि संचित राशि निधि में से वापस नहीं ली है ।

ङ) यदि प्रश्न उठता है कि क्या कर्मचारी सदस्य बनने का हकदार है या उसका बनना अपेक्षित है या बना रहना जारी रखना है या किस तारीख से वह सदस्य बनने का हकदार है या उसका बनना अपेक्षित है, इस संबंध में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक का निर्णय अंतिम होगा ।

8क.) **निधि की स्थापना के पश्चात नियोजन में आए व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली घोषणा ।**

राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड किसी भी व्यक्ति को नियोजन में लेने से पूर्व उसे अनुबंध "ग" में निर्धारित प्रारूप में घोषणा प्रस्तुत करने के लिए कहेगा ।

9. **नामांकन**

क) प्रत्येक सदस्य निधि का सदस्य बनने के पश्चात यथाशीघ्र अनुबंध "घ" में दिए गए प्रपत्र में नामांकन करेगा, जिसमें वह निधि में उसके नाम जमा रकम देय होने से पूर्व या जब रकम देय है लेकिन अदायगी करने से पूर्व अपनी मृत्यु हो जाने की दशा में, उस जमा रकम को प्राप्त करने का अधिकार प्रदत्त करेगा ।

ख) सदस्य स्वविवेकानुसार नामांकन में अपने नाम निधि में जमा रकम को अपने नामितों के बीच वितरित कर सकता है । यदि नामांकन करते समय सदस्य का परिवार है, तो नामांकन उसके परिवार के एक या एक से अधिक व्यक्ति के पक्ष में होगा । ऐसे सदस्य द्वारा यदि नामांकन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है जो परिवार से संबंधित नहीं है, तो ऐसा नामांकन अविधिमान्य होगा ।

ग) यदि नामांकन करते समय सदस्य का परिवार नहीं है, तो नामांकन किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के पक्ष में हो सकता है, लेकिन यदि सदस्य बाद में परिवार अर्जित करता है, तो ऐसा नामांकन तत्काल अविधिमान्य समझा जायेगा और सदस्य को अपने परिवार के एक या एक से अधिक व्यक्तियों के पक्ष में नया नामांकन करना होगा ।

घ) सदस्य किसी भी समय, अनुबंध "घ" में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में लिखित रूप में अपने आशय की सूचना देने के पश्चात नामांकन में परिवर्तन कर सकता है । यदि नामिती की मृत्यु सदस्य से पहले हो जाती है तो नामिती का हित सदस्य को प्रत्यावर्तित हो जाएगा और ऐसे हित के संबंध में वह नया नामांकन कर सकता है ।

ङ) जहाँ नामांकन पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से नाबालिग के पक्ष में है, सदस्य नियम (2) के खंड (ढ) में दी गई परिभाषा के अनुसार अपने परिवार के किसी व्यस्क व्यक्ति का नाम देंगे जोकि नामिती व इस प्रकार नियुक्त संरक्षक से पूर्व सदस्य की मृत्यु हो जाने की स्थिति में अव्यस्क नामिती के संरक्षक होंगे ।

परन्तु जहाँ परिवार में कोई व्यस्क व्यक्ति नहीं है, सदस्य स्वविवेकानुसार किसी अन्य व्यक्ति को नाबालिग नामिती का संरक्षक नियुक्त कर सकता है ।

च) नामांकन या उसमें परिवर्तन उस विस्तार तक प्रभावी होगा कि यह उस तारीख पर अधिमान्य हो जिस पर यह न्यासी मंडल को प्राप्त होता है ।

छ) सदस्य नामांकन में यह व्यवस्था भी कर सकता है:-

(क) कि विनिर्दिष्ट नामिती की सदस्य से पहले मृत्यु होने की दशा में, उस नामिती को प्रदत्त अधिकार ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को संक्रांत होगा जिसको नामांकन में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(ख) नामांकन में विनिर्दिष्ट आकस्मिक घटना के घट जाने पर नामांकन अविधिमान्य हो जाएगा ।

10. सदस्यों द्वारा अंशदान

(क) प्रत्येक सदस्य प्रत्येक माह अपने मासिक मूल वेतन की और प्रत्येक कर्मचारी को तत्समय मिलने वाले महंगाई भत्ते की 10 प्रतिशत के बराबर की राशि या समय-समय पर अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा निर्धारित दरों पर निधि में अंशदान करेगा, और कर्मचारी का अंशदान नियोजक द्वारा उसके संबंध में किए गए अंशदान के बराबर होगा ।

(ख) उप नियम (क) के अधीन भविष्य निधि में अंशदान करने वाला प्रत्येक सदस्य यदि वह चाहे तो, भविष्य निधि में अपने मासिक मूल वेतन और महंगाई भत्ते की 10% से अधिक राशि अनुबंध "ड" में दिए गए प्रपत्र में आवेदन करके स्वेच्छिक रूप से जमा करा सकता है ।

(ग) निधि में दिया जाने वाला प्रत्येक माह का अंशदान रूपए के निकटतम रूप में परिकलित किया जाएगा, 50 पैसे या अधिक को आगामी रूपए के रूप में गिना जाएगा और 50 पैसे से कम को छोड़ दिया जाएगा ।

(घ) स्थापना सदस्यों की परिलब्धियों में से प्रत्येक माह उपर्युक्त उपनियम (क) और (ख) के अधीन अपेक्षित राशि काटकर आगामी माह के पन्द्रहवें दिन तक अंतरित कर देगी । इस प्रकार काटी गई राशि सदस्यों के व्यक्तिगत खातों में जमा कर दी जाएगी ।

(ङ) कर्मचारी के बिना वेतन ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने की अवधि के लिए कोई अंशदान नहीं लिया जाएगा ।

(च) ऐसे मामले में जहाँ कर्मचारी को "राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड परिवार पेन्शन योजना" का, उपर्युक्त उपनियम (क) और (ख) के अधीन प्रत्येक माह नियोजक और कर्मचारी द्वारा देय अंशदानों में से सदस्य बनना आवश्यक है, तो नियोजक, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक द्वारा निर्धारित दर के आधार पर कर्मचारी के वेतन का भाग और उतनी ही रकम नियोजक के अंश में से परिवार पेन्शन निधि में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट रीति से जमा करेगा ।

(छ) उप-नियम (क) के अधीन कर्मचारी के वेतन की दर रुपए के निकटतम रूप में की जाएगी; 50 पैसे या उससे अधिक को आगामी पूर्ण रूपए में किया जाएगा और 50 पैसे से कम के भाग को छोड़ दिया जाएगा ।

11. <u>निधि में नियोजक का अंशदान</u>

(क) नियोजक अगले माह के 15 वें दिन तक, निधि के प्रत्येक सदस्य के संबंध में न्यासियों को इसमें इसके पूर्व नियम 10 (क) के अधीन सदस्यों के अनिवार्य अंशदान की कुल राशि के बराबर की राशि न्यासियों को अदा करेगा नियोजक का अंशदान सदस्यों के व्यक्तिगत खातों में जमा किया जाएगा । इसमें इसके पूर्व नियम 10(ख) के अधीन भविष्य निधि में सदस्य द्वारा किए गए स्वैच्छिक अंशदान के संबंध में नियोजक कोई भी अंशदान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

(ख) अंशदान की गणना, पूरे माह के दौरान वास्तविक रूप से प्राप्त मूल वेतन, मलगाई भत्ते (किसी भी खाद्य संबंधी रियायत के नकद मूल्य को सम्मिलित करके) और प्रतिधारण भत्ते (यदि कोई हो) के आधार पर की जाएगी

चाहे वह साप्ताहिक, पाक्षिक या मासिक आधार पर अदा की गई हो ।

11 क. **अंशदान की अदायगी**

(i) नियोजक प्रथमतः अपने द्वारा अदा किया जाने वाला अंशदान और सीधे अपने द्वारा नियोजित सदस्य या ठेकेदार द्वारा या मार्फत नियोजित सदस्य द्वारा अदा किए जाने वाला अंशदान (नियमों में इसे सदस्य का अंशदान कहा गया है) दोनों को अदा करेगा ।

(ii) ठेकेदार द्वारा या मार्फत नियोजित किए गए कर्मचारियों के संबंध में ठेकेदार ऐसे कर्मचारियों द्वारा देय अंशदान को (नियमों में इसे सदस्य अंशदान कहा गया है) वसूल करके प्रधान नियोजक को सदस्य की काटी गई अंशदान की राशि के साथ समान राशि के अंशदान (नियमों में इसे नियोजक का अंशदान कहा गया है), के साथ निरीक्षण प्रभार भी अदा करेगा ।

(iii) नियोजक का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह सीधे अपने द्वारा नियोजित कर्मचारियों के संबंध में और ठेकेदार द्वारा या मार्फत नियोजित कर्मचारियों दोनों के संबंध में अंशदान अदा करे

11 ख. **नियोजक का अंश सदस्यों से नहीं काटा जाएगा**

किसी प्रतिकूल संविदा के होते हुए भी नियोजक सदस्य की मजदूरी से नियोजक का अंशदान काटने का हकदार नहीं होगा या अन्यथा उससे वसूल नहीं करेगा ।

11 ग. **सदस्य के अंशदान की वसूली**

(i) इस नियम के उपबंधों या किसी तत्समय प्रवृत्त विधि या किसी प्रतिकूल संविदा के होते हुए भी,

नियोजक (या ठेकेदार) द्वारा सदस्य के अंशदान की अदा की गई राशि, सदस्य की मजदूरी में से ही काटकर ही वसूली योग्य होगी अन्यथा नहीं

परन्तु यह कि इस प्रकार की कटौती किसी अन्य मजदूरी से न करके उसी अवधि या अवधि के भाग की मजदूरी में से काटी जानी चाहिए जिसके संबंध में अंशदान देय है ।

परन्तु यह भी कि नियोजक या ठेकेदार ने जिस अवधि के लिए कर्मचारी का अंशदान किया है या देय है, उसे वे उस अवधि के अलावा मजदूरी में से वसूलने के हकदार होंगे जहाँ कर्मचारी ने नियोजक या ठेकेदार के पास कार्यग्रहण करते समय लिखित रूप में मिथ्या घोषणा की है कि वह पहले से ही निधि का सदस्य नहीं था ।

परन्तु यह भी कि जहाँ आकस्मिक भूल या लिपिकीय त्रुटि के कारण इस प्रकार की कटौती नहीं की गई है, तो ऐसी कटौती, अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की लिखित सहमति से उत्तरवर्ती मजदूरी में से की जानी चाहिए ।

(i) दैनिक, साप्ताहिक या पाक्षिक आधार पर मजदूरी पाने वाले सदस्यों की कटौती के बारे में मासिक कुल राशि का जोड़ लगाकर मासिक कटौती की सूचना देनी चाहिए ।

(ii) नियोजक या ठेकेदार द्वारा इस नियम के अधीन कर्मचारी की मजदूरी से काटी गई किसी भी राशि के संबंध में यह समझा जाएगा कि जिस अंशदान के संबंध में यह राशि काटी गई है उसे अदा करने के प्रयोजन के लिए उसे सौंपी गई है ।

12. **सदस्य का लेखा और वार्षिक लेखा-विवरण**

1. प्रत्येक सदस्य का एक पृथक लेखा रखा जाएगा जिसमें निम्नलिखित ब्यौरे होंगे:-

(i) सदस्य का अंशदान;

(ii) सदस्य के लेखे में राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा किया गया अंशदान;

(iii) सदस्य के लेखे मे प्राप्त होने वाला ब्याज या लाभ;

(iv) निधि में से सदस्य को दी हुई अग्रिम राशि, यदि कोई हो;

(v) सदस्य को दी गई अग्रिम राशि का पुनर्भुगतान ।

2. प्रत्येक सदस्य को वर्ष की समाप्ति के छह माह के भीतर वार्षिक लेखा-विवरण दिया जाएगा जिसमें ऊपर उल्लिखित ब्यौरों का इंदराज होगा । विवरण में दिए गए ब्यौरे अंतिम और सदस्य पर बाध्यकारी होंगे । तथापि, विवरण प्राप्त होने के एक माह के भीतर विवरण में होने वाली किसी भी त्रुटि, यदि कोई हो, के संबंध में सदस्य लिखित रूप में सूचित करेगा जिसके बाद न्यासी मंडल जाँच करके त्रुटि का सुधार कर सकता है । निधि का सदस्य अपने लेखे का निरीक्षण स्वयं कर सकता है या किसी प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा करा सकता है । इस प्रकार का निरीक्षण एक सप्ताह की सूचना देकर वर्ष में दो बार से अधिक बार नहीं किया जा सकता ।

13. **निधि के बैंकर**

(1) निधि के बैंकर बैंक ऑफ बड़ौदा, आनंद या ऐसे अन्य अनुसूचित बैंक होंगे जिनका न्यासी मंडल समय-समय पर

धारण कर सकता है और नियोजक एवं कर्मचारियों के अंशदान सहित सभी राशियाँ निधि के बचत बैंक खाते में उक्त बैंक/बैंकों में जमा की जाएँगी । इस खाते से रुपया चैक द्वारा निकाला जाएगा और प्रत्येक चैक पर दो न्यासी हस्ताक्षर करेंगे जिनमें से एक न्यासी का अध्यक्ष का नामिती होना आवश्यक होगा ।

(2) न्यासी मंडल द्वारा प्राधिकृत कोई भी दो न्यासी, जिनमें से एक अध्यक्ष का नामिती होगा, न्यासी मंडल की ओर से बैंक के खातों का संचालन करेंगे और निधि से संबंधित सरकारी बचत-पत्रों, प्रतिभूतियों, कब्जा वारंटी, आदि का आवश्यकतानुसार उन्मोचन करेंगे, प्राप्त करेंगे या अन्यथा निपटान करेंगे और मंडल की ओर से सुसंगत नियमों के अनुसार सदस्यों को उन जीवन बीमा पॉलिसियों को पुनः सौंप सकें जिन्हें सदस्यों ने निधि से आहरण की अदायगी के लिए मंडल को प्रतिभूति के रूप में सौंपा हो ।

14. <u>निधि का निवेश</u>

निधि की ऐसी राशियों को, जिनकी न्यासी मंडल को तात्कालिक रूप से आवश्यकता नहीं है, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड से अंशदान की प्राप्ति की तारीख से दो सप्ताह के भीतर, समय-समय पर, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के परामर्श से न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित पैटर्न के अनुसार निवेश कर दिया जाएगा ताकि सदस्यों को सुरक्षित, उचित और समय पर प्रतिफल सुनिश्चित किया जा सके ।

15. <u>प्रतिभूतियों की बिक्री</u>

न्यासी मंडल के दो तिहाई बहुमत के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन न्यासी मंडल निधि के प्रयोजन के लिए अपेक्षित धनराशि या धनराशियों को निधि के नाम जमा प्रतिभूतियों की बिक्री करके उगाह सकता है ।

16. **निधि के लाभों का वितरण**

(क) प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को या इसके बाद यथाशीघ्र, न्यासी मंडल पिछले 18 महीनों के संबंध में 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तुलन-पत्र और राजस्व लेखा तैयार करेगा । तुलन-पत्र तैयार करते समय मंडल निधि के निवेशों का मूल्य उक्त तारीख पर लागत मूल्य के अनुसार ही लगाएगा ।

(ख) निधि के निवेशों से प्राप्त समस्त आय और प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त समस्त लाभ, यदि कोई हो, उसे राजस्व लेखे में जमा किया जाएगा ।

(ग) उपर्युक्त खंड (ख) में उल्लिखित रूप में राजस्व लेखे में धनराशि जमा करने के पश्चात, मंडल सदस्यों के व्यक्तिगत लेखाओं में, मंडल द्वारा निर्धारित दर पर और लेखा अवधि के दौरान उसके नाम जमा कुल धन राशि के अनुपात में जमा धनराशि का वितरण करेगा ।

(घ) राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के कर्मचारी जो निधि के सदस्य हैं उनके सामान्य कल्याण के लिए मंडल जैसा भी उचित समझे ब्याज उचंत लेखा में उपलब्ध राशि को अंतरित करने और उपलब्ध कराने के लिए सक्षम होगा । यह राशि सदस्य के अंशदान के अनुपात में होगी ।

(ङ) (क) सदस्यों के लेखे में, मासिक चल शेष आधार पर प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन निम्न तरीके से ब्याज जमा किया जाएगा:-

(i) गतवर्ष के अंतिम दिन सदस्य के नाम जमा राशि से चालू वर्ष के दौरान निकाली गई सभी राशियों को कम करके - 13 महीनों के लिए ब्याज,

(ii) चालू वर्ष में निकाली गई राशियों पर - चालू वर्ष के प्रारंभ से जिस माह में राशि निकाली गई, उसके पूर्व माह के अंतिम दिन तक ब्याज,

(iii) गत वर्ष के अंतिम दिन के पश्चात सदस्य के लेखे में जमा समस्त धनराशियों पर - जमा करने के माह के अगले माह के प्रथम दिन से चालू वर्ष के अंत तक ब्याज ।

(iv) ब्याज की कुल राशि को रुपये के निकटतक पूर्णांक में कर दिया जाएगा (50 पैसे की गणना आगे के पूरे रूपए में की जाएगी) ।

स. प्रतिभूतियों के लेखे से हुए किसी भी लाभ को ब्याज उचंत लेखे में जमा किया जाएगा । इसी प्रकार प्रतिभूतियो की बिक्री से हुई हानि को जब्ती लेखे में उपलब्ध जमा रकम की सीमा तक नामे डाला जाएगा और तत्पश्चात ब्याज उचंत लेखे में डाला जायेगा ।

स्पष्टीकरण

नियम 22 या 23 के अधीन धनवापसी के दावे के मामले मे अंतिम अदायगी प्राधिकृत होने की तिथि के गत माह के अंत तक ब्याज देय होगा चाहे संबंधित दावेदार से दावे के प्राप्ति की तारीख कोई भी हो ।

परन्तु यह कि विशिष्ट माह के 25वे दिन या उसके पश्चात प्राधिकृत दावों पर ब्याज चालू माह तक के लिए देय होगा, जिसकी वास्तविक अदायगी चालू माह के समाप्त होने के पश्चात की जाएगी ।

परन्तु यह भी कि खंडित करेंसी अवधि के लिए धनवापसी के दावों पर अनुमत ब्याज की दर वह होगी जो उस वित्तीय वर्ष के लिए नियत है जिसमें धनवापसी को प्राधिकृत किया गया है ।

(च) ब्याज की दर का निर्धारण करते समय, मंडल अपने आप को इस बात से संतुष्ट करेगा कि व्यक्तिगत खातों में ब्याज जमा करने के फलस्वरूप राजस्व लेखे में कोई भी ब्याज की अधिक राशि नामे न डाली जाए ।

(छ) मंडल वित्तीय वर्ष के समाप्त होने से पूर्व अगले वर्ष के लिए ब्याज-दर की घोषणा करेगा ।

16 क. (1) किसी लेखे के भविष्य निधि संचयन के अंतिम निपटारे के अंतरण के मामले में, लेखे में जमा धनराशि पर ब्याज अंतिम अदायगी का अंतरण जिस तारीख को प्राधिकृत किया गया है उसके गत माह के अंत तक देय होगा ।

परन्तु यह कि विशिष्ट माह के 25वें दिन या उसके पश्चात प्राधिकृत दावों पर ब्याज चालू माह तक के लिए देय होगा, जिसकी वास्तविक अदायगी चालू माह के समाप्त होने के पश्चात की जाएगी ।

खंडित करेंसी अवधि के लिए अनुमत ब्याज की दर वह होगी जो उस वर्ष के लिए घोषित दर है जिसमें उसकी अदायगी की गई है

(2) अन्य भविष्य निधि से आए सदस्य के मामले में उसकी अंतरित संचित राशि पर ब्याज उसके लेखे में उस माह के प्रारंभ से दिया जाना है जिस माह में संचित राशि प्राप्त हुई है ।

17. **निधि के लेखाओं की लेखा परीक्षा**

(i) न्यासी मंडल द्वारा निधि के लिए नियुक्त लेखापरीक्षक द्वारा वार्षिक रूप में लेखाओं की लेखा परीक्षा की जाएगी । वार्षिक भविष्य निधि लेखाओं की एक लेखा परीक्षित प्रति, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात छह माह के भीतर राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड को भेजी जाएगी ।

(ii) न्यासी मंडल द्वारा रखे गए भविष्य निधि लेखाओं की लेखा परीक्षा, वार्षिक रूप में योग्य स्वतंत्र सनदी लेखापाल के अध्यधीन होगी ।

(iii) निधि न्यासी मंडल में निहित होगी और अन्य बातों के साथ-साथ न्यासी मंडल अपनी अभिरक्षा में निधि की प्राप्तियों और अदायगियों के और जमा राशि के लेखाओं को उचित प्रकार से रखने के लिए उत्तरदायी और राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के प्रति दायित्वाधीन होगा ।

18. **निरीक्षण**

न्यासी मंडल राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड को निधि के लेखाओं का निरीक्षण करने के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा

18 क. **ब्याज उचंत लेखा**

प्रतिभूतियों से प्राप्त ब्याज, लाभ तथा वसूली या उपार्जित अन्य आय "ब्याज उचंत लेखा" शीर्षक लेखे में जमा की जाएगी । प्रतिभूतियों के क्रय और बिक्री पर और अन्य निवेशों पर दलाली और कमीशन यथास्थिति क्रय या विक्रय मूल्य में शामिल की जाएगी और अलग से "ब्याज उचंत लेखे" में प्रभारित नहीं की जाएगी ।

19. **पेशगियाँ**

19 क. **सदस्यों की जीवन बीमा पॉलिसियों का वित्तीयन**

(1) यदि जन सदस्य यह चाहता है कि उसके द्वारा अपने लिए या अपनी पत्नी या संतान के लिए ली गई जीवन बीमा की वैध रूप से समनुदेशनीय पॉलिसी का देय प्रीमियम उसके भविष्य निधि खाते से वित्तपोषित होना चाहिए तो वह इसके लिए लिखित रूप में आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि प्रीमियम वार्षिक रूप में देय होना चाहिए । इस प्रकार का आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर न्यासी मंडल सदस्य की ओर से भारतीय जीवन बीमा निगम या न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित

बीमा कंपनी को देय प्रीमियम की राशि अदा कर देगा और निधि में सदस्य की ब्याज सहित अंशदान की जमा राशि में इसके उसके नामे डाल देगा । बशर्ते कि ऐसा अंशदान प्रीमियम अदा करने के लिए पर्याप्त है और जबकि पहले प्रीमियम की अदायगी करनी है तो ऐसा अंशदान दो वर्षों का प्रीमियम अदा करने के लिए पर्याप्त है ।

परन्तु यह कि पॉलिसी की परिपक्वता की अवधि 10 वर्ष से कम की नहीं होनी चाहिए ।

(2) सदस्य जिसे इस नियम के अधीन पेशगी दी गई है, वह न्यासी मंडल को पॉलिसी समनुदेशित करेगा और समनुदेशन की अवधि के दौरान न्यासी मंडल का पॉलिसी पर और उस पर मिलने वाली राशि, बोनस आदि पर पूर्ण नियंत्रण होगा ।

(3) इस नियम के अधीन धन-वापसी पॉलिसी की प्रकृति वाली पॉलिसी को वित्तपोषित नहीं किया जाएगा ।

4) इस खंड के अधीन ब्याज सहित पेशगी लौटाने पर पॉलिसी सदस्य को पुनः समनुदेशनीय कर दी जाएगी ।

19 ख. **निधि से निवास गृह/फ्लैट की खरीद या निवास गृह के निर्माण या इस प्रयोजन के लिए उचित स्थल का अर्जन करने के लिए आहरण ।**

1) न्यासी मंडल, सदस्य से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त होने पर और इस नियम में निर्धारित शर्तों के अधीन निधि में सदस्य के नाम जमा राशि में से आहरण संस्वीकृत कर सकता है

क) न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित किसी भी वैध व्यक्तियों/एजेन्सियों से निवास गृह/फ्लैट खरीदने के लिए इसमें संयुक्त रूप से अन्यों के साथ स्वामित्व वाले भवन में फ्लैट सम्मिलित हैं, या निवास गृह का निर्माण करने के लिए जिसमें निर्माण करने के प्रयोजन के लिए उचित स्थल का अर्जन सम्मिलित है ।

ख) खंड (क) और (ख) के अधीन सदस्य के या सदस्य की पत्नी या पति के या सदस्य और सदस्य की पत्नी या पति के संयुक्त रूप में स्वामित्व वाले स्थल पर निवास गृह के निर्माण के लिए या ऐसे स्थल पर सदस्य या सदस्य की पत्नी या पति द्वारा पहले से शुरू किए गए निवासगृह के निर्माण को पूरा करने/जारी रखने के लिए, या सदस्य और सदस्य की पत्नी या पति के संयुक्त नाम से मकान/फ्लैट खरीदने के लिए ।

2) आहरण की राशि सदस्य की 36 माह की आधारिक मजदूरी और महंगाई भत्ते से अधिक नहीं होगी या निधि में सदस्य के लेखे में उसके अपने अंशदान एक साथ ब्याज सहित नियोजक के अंशदान से या निवास स्थल (उस पर निर्माण की लागत सहित) के अर्जन के लिए या निवासगृह/फ्लैट की खरीद के लिए या निवासगृह के

निर्माण के लिए रजिस्ट्रेशन फीस सहित वास्तविक लागत, इनमें से जो भी राशि कम हो ।

3) (क) इस नियम के अधीन कोई आहरण नहीं दिया जाएगा जब तक कि:

(i) सदस्य ने निधि की पाँच वर्ष की सदस्यता पूरी न कर ली हो;

(ii) निधि में सदस्य के नाम जमा राशि में उसके अपने अंशदान की ब्याज सहित जमा राशि दस हजार रुपए से कम न हो;

(iii) निवासस्थल या निवासगृह(फ्लैट या निर्माणाधीन मकान भार (Encumbrances) मुक्त न हो ।

परन्तु जहाँ निवास स्थल या निवासगृह/फ्लैट किसी भी एजेन्सी को, निवास गृह/फ्लैट की खरीद के लिए या निवासगृह के निर्माण सहित इस प्रयोजन के लिए उचित स्थल का अर्जन करने के लिए निधियाँ प्राप्त करने के लिए ही बंधक रखा गया है तो ऐसे निवास स्थल या निवास गृह/फ्लैट जैसी भी स्थिति हो; भारयुक्त संपत्ति नहीं समझा जाएगा ।

30 वर्ष से अधिक अवधि की पट्टे पर अर्जित भूमि पर निवासगृह/फ्लैट का निर्माण करने के लिए या ऐसी पट्टेवाली भूमि पर बने हुए मकान/फ्लैट को भी भारयुक्त संपत्ति नहीं समझा जाएगा ।

परन्तु जहाँ निवासगृह/फ्लैट का स्थल ऐजेंसी के नाम में है जैसाकि उप-नियम (1) के खंड (क) में विनिर्दिष्ट है और ऐजेंसी की पूर्व अनुमति के बिना आवंटिती द्वारा पर मकान/फ्लैट के अंतरण या अन्यथा विक्रय करने पर रोक लगी हुई है, तो केवल यह तथ्य कि आवंटिती के पास मकान/फ्लैट के स्वामित्व का पूर्ण अधिकार नहीं है और स्थल ऐजेंसी के नाम में है, तो यह उप-नियम(1) के खंड (क) के अधीन आहरण देने के लिए रूकावट नहीं होगा, यदि इस नियम में उल्लिखित अन्य शर्तें पूरी हो जाती हैं ।

4. उप-नियम (3) में निर्धारित परिसीमाओं के अधीन -

क) जहाँ उप-नियम (1) के खंड (क) में विनिर्दिष्ट ऐजेन्सी से निवास गृह/फ्लैट या निवास स्थल खरीदने के लिए आहरण लिया जा रहा है आहरित राशि की अदायगी सदस्य को नहीं की जाएगी बल्कि ऐजेंसी को सीधे एक या अधिक किस्तों में की जाएगी जैसाकि सदस्य द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा;

ख) जहाँ निवासगृह के निर्माण के लिए आहरण लिया जा रहा है, वह न्यासी मंडल जैसा उचित समझे उतनी ही किस्तों में संस्वीकृत किया जा सकता है;

ग) जहाँ किसी व्यक्ति या किसी ऐजेंसी से निवासगृह का निर्माण करने के प्रयोजन के लिए निवास स्थल के अर्जन के लिए आहरण किया जा रहा है, आहरित राशि कम से कम दो समान किस्तों में दी जाएगी, पहली किस्त निवास स्थल का अर्जन करते समय और दूसरी किस्त सदस्य के आवेदन करने पर उक्त निवास स्थल पर निवासगृह का निर्माण करने के समय दी जाएगी ।

(5) जहाँ निवास गृह के निर्माण के लिए आहरण संस्वीकृत किया गया है, पहली किश्त के आहरण से छह माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू होना चाहिए और अंतिम किश्त के आहरण से 12 माह के भीतर पूरा होना चाहिए । जहाँ निवासगृह/फ्लैट की खरीद या निवास स्थल के अर्जन के लिए आहरण संस्वीकृत किया गया है, खरीद या अर्जन जैसी भी स्थिति हो, राशि आहरित करने के छह मास के भीतर पूरा होना चाहिए;

(6) 12 माह की आधारिक मजदूरी और महंगाई भत्ते तक या निधि में सदस्य के नाम जमा अपने अंशदान सहित ब्याज की राशि जो भी कम हो का एक अतिरिक्त आहरण एक बार और केवल एक किश्त में सदस्य के या सदस्य की पत्नी या पति के या सदस्य और सदस्य की पत्नी या पति के संयुक्त स्वामित्व वाले निवासगृह में परिवर्धन, पर्याप्त परिवर्तन या आवश्यक सुधार करने के लिए किया जा सकता है:

परन्तु यह आहरण निवासगृह का कार्य पूर्ण होने की तारीख से पाँच वर्ष बाद स्वीकार्य होगा ।

6क) सदस्य को नए आवेदन की तारीख को उप-नियम (2) के अधीन अनुज्ञेय आहरण की राशि और इस नियम के अधीन 3.10.81 से पहले छह वर्षों के दौरान किसी भी समय सदस्य द्वारा लिए गए आहरण की राशि के अंतर के समतुल्य एक अतिरिक्त आहरण ऐसे सदस्य को स्वीकृत किया जा सकता है (i) जिसने पूर्वतर आहरण, निवासस्थल की खरीद के लिए लिया था और अब उस खरीदे गए स्थल पर निवासगृह बनाने का प्रस्ताव है, या (ii) जिसने पूर्वतर आहरण उपयुक्त उप-नियम (1) के खंड (क) में उल्लिखित किसी ऐजेंसी से मकान/फ्लैट के आबंटन/खरीद की प्रारंभिक अदायगी के लिए लिया था और अब इस प्रकार खरीदे गए मकान/फ्लैट के एकमात्र स्वामित्व के लिए सौदे को पूर्ण करने का प्रस्ताव है या (iii) जिसने पूर्वतर आहरण मकान बनाने के लिए लिया लेकिन निधियों के अभाव में समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं कर सका ।

7. सदस्य हक विलेख (Title deed) और ऐसे अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करेगा जो निरीक्षण के लिए आवश्यक हो. जिन्हे आहरण स्वीकृत करने के पश्चात सदस्य को लौटा दिया जाएगा ।

8. क) यदि इस नियम के अधीन स्वीकृत आहरण की राशि, जिस प्रयोजन के लिए यह स्वीकृत किया गया था उस पर व्यय की गई वास्तविक राशि से अधिक है, तो खरीद पूर्ण होने, या निर्माण कार्य पूर्ण होने या निवासगृह में आवश्यक परिवर्धन, परिवर्तन या सुधार पूर्ण होने के जैसी भी स्थिति हो, सदस्य को 30 दिन के भीतर निधि को अतिरिक्त रकम एकमुश्त रूप में लौटानी होगी । इस प्रकार लौटायी गई रकम को निधि में नियोजक के अंशदान के रूप में सदस्य खाते में उस परिमाण तक जमा किया जाएगा जितना राशि उक्त अंशदान के आहरण के रूप में स्वीकृत की गई थी और शेष राशि यदि कोई हो तो उसे सदस्य के अंशदान के रूप में उसके खाते में जमा किया जाएगा ।

ख) ऐसी दशा में जब सदस्य को निवास स्थल/निवासगृह/फ्लैट आबंटित नहीं होता है, या ऐसी दशा में सदस्य को किया गया आबंटन रद्द हो जाता है और ऐजेंसी द्वारा रकम की वापसी की जानी है या ऐसी दशा में जब सदस्य किसी व्यक्ति से निवास स्थल का अर्जन करने में या मकान/फ्लैट खरीदने में या निवासगृह का निर्माण करने में असमर्थ रहता है, तो उप-नियम(1) के खंड (क) में उल्लिखित ऐजेंसी को या इस नियम के अधीन सदस्य को दी गई आहरण की राशि, जैसी भी स्थिति हो, न्यासी मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से निधि में एकमुश्त रूप में लौटाने के लिए सदस्य उत्तरदायी होगा ।

इस प्रकार लौटाई गई रकम को निधि में नियोजक के अंश के रूप में सदस्य के खाते में उस परिमाण तक जमा किया जाएगा जितनी राशि उक्त अंश से आहरण के रूप में स्वीकृत की गई थी और शेष राशि यदि कोई हो, तो उसे सदस्य के अंश के रूप में उसके खाते में जमा किया जाएगा ।

9) यदि न्यासी मंडल इस बात से संतुष्ट है कि इस नियम के अधीन स्वीकृत आहरण जिस प्रयोजन के लिए उपयोग किया गया है या इस नियम के अधीन स्वीकृत आहरण का दुरुपयोग किया गया है, तो न्यासी मंडल देय रकम की दांडिक ब्याज सहित वसूली करने के लिए तत्काल कदम उठाएगा । दांडिक ब्याज की दर का निर्धारण न्यासी मंडल करेगा जो सदस्य को उनके जमा शेष पर दी जाने वाली ब्याज की दर के ऊपर होगी । उक्त वसूली सदस्य की मजदूरी में से न्यासीयमंडल द्वारा निर्धारित किस्तों की संख्या में की जाएगी । इस प्रकार की वसूली के लिए न्यासीमंडल नियोजक को मजदूरी में से इस प्रकार की किस्तों में कटौती करने के लिए निर्देश दे सकता है और इस प्रकार के निर्देश प्राप्त होने पर नियोजक तदनुसार कटौती करेगा । इस प्रकार वापिस की गई रकम दांडिक ब्याज को छोड़कर निधि में नियोजक के अंश के रूप में सदस्य के खाते में उस परिमाण तक जमा की जाएगी जितनी रकम उक्त अंश से आहरण के रूप में स्वीकृत की गई थी और शेष रकम, यदि कोई हो, तो उसे सदस्य के अंश के रूप में उसके खाते में जमा किया जाएगा । तथापि, दांडिक ब्याज की रकम को ब्याज उचंत लेखा/राजस्व लेखा में जमा कराया जाएगा ।

10) जहाँ इस नियम के अधीन स्वीकृत किसी आहरण का सदस्य द्वारा दुरुपयोग किया गया है, उक्त आहरण की स्वीकृति की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर या उक्त आहरण की रकम की दांडिक ब्याज सहित वसूली पूरी हो जाने तक इनमें से जो भी अवधि लंबी हो; इस नियम के अधीन सदस्य को आगे आहरण स्वीकृत नहीं किया जाएगा ।

19.1) **विशेष मामलों में ऋणों की वापसी के लिए निधि से पेशगी**

1 क) न्यासी मंडल सदस्य द्वारा आवेदन करने पर निधि में सदस्य के नाम जमा राशि में से, राज्य सरकार सहकारी समिति, आवासन बोर्ड, नगर निगम या दिल्ली विकास प्राधिकरण जैसे समरूप निकाय से केवल नियम 19-ख के उप-नियम 1 में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए प्राप्त ऋणों की पूर्णतः या भागतः मूल राशि और ब्याज की वापसी के लिए, पेशगी संस्वीकृत कर सकता है ।

ख) पेशगी की राशि सदस्य की 36 मास के मूल वेतन मजदूरी और मंहगाई भत्ते या सदस्य के अपने अंशदान और नियोजक के अंशदान और उस पर ब्याज सहित निधि में उसके खाते में जमा राशि या उक्त ऋण की देय मूल और ब्याज की राशि से अधिक नहीं होगी, इनमें से जो भी कम हो ।

2. इस नियम के अधीन कोई भी पेशगी संस्वीकृत नहीं की जाएगी जब तक कि:-

क) सदस्य ने निधि की सदस्यता के पाँच वर्ष पूरे न कर लिए हों;

ख) सदस्य के अपने अंशदान और उस पर ब्याज सहित निधि में उसके नाम पाँच हजार रुपए या अधिक जमा न हो; और

ग) सदस्य न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित प्रमाण-पत्र या अन्य दस्तावेजों को ऐजेंसी से लेकर प्रस्तुत नहीं कर देता, जिसमे सदस्यों के विवरण, स्वीकृत ऋण, ऋण की बकाया मूल राशि एवं ब्याज और ऐसे अन्य विवरणों का संकेत हो, जो अपेक्षित हो

3. इस नियम के अधीन पेशगी की अदायगी, सदस्य का प्राधिकरण प्राप्त होने पर, न्यासी मंडल द्वारा विनिर्दिष्ट तरीके से ऐजेंसी को की जाएगी और किसी भी दशा में सदस्य को अदायगी नहीं की जाएगी ।

19 घ) **कुछ मामलों में बीमारी के लिए निधि से पेशगी**

1. सदस्य को निधि में से नावापसी पेशगी उसे अपने या उसके परिवार के सदस्य के उपचार के लिए निम्न मामलों में दी जा सकती है:

क) 10 दिन या अधिक दिनों के लिए अस्पताल में रखने के लिए, या

ख) अस्पताल में फ़ौरन शल्यकर्म के लिए, या

ग) यक्ष्मा (टी.बी.), कुष्ठ, लकवा, एड्स, कैंसर, मानसिक विकृत, गुर्दा और हृदय रोगों से पीड़ित होने पर और जिसके लिए उसके नियोजक द्वारा उक्त बीमारियों के उपचार के लिए छुट्टी मंजूर कर दी गई है ।

2. पेशगी स्वीकृत तब की जाएगी जब अस्पताल का चिकित्सक यह प्रमाणित कर देगा कि शल्यकर्म या जैसी भी स्थिति हो, के लिए 10 दिन या अधिक दिनों के लिए अस्पताल में रखना आवश्यक हो गया था या हो गया है (या पंजीकृत चिकित्सक अथवा मानसिक रोग या हृदय रोग के मामले में विशेषज्ञ यह प्रमाणित करे कि सदस्य यक्ष्मा, कुष्ठ, लकवा, कैंसर, एड्स, मानसिक रोग या हृदय या गुर्दा की बीमारी से पीड़ित है ।

परंतु यह कि सदस्य को पेशगी तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि न्यासी मंडल की संतुष्टि करने के लिए वह अस्पताल के चिकित्सक का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर देगा ।

3. इस नियम के अधीन दी जाने वाली पेशगी की राशि सदस्य के छह माह के मूल वेतन और महंगाई भत्ते या निधि में उसके अंशदान की ब्याज सहित राशि, इसमें जो भी कम हो से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

19 ङ. **सदस्य और बच्चों की मैट्रिकोत्तर शिक्षा या विवाह के लिए निधि से पेशगी ।**

1. न्यासी मंडल सदस्य से आवेदन प्राप्त होने पर, उसके अपने विवाह या उसकी पुत्री, पुत्र, बहन या भाई के विवाह या अपने पुत्र या पुत्री की मैट्रिकोत्तर शिक्षा के लिए, या हाई स्कूल के बाद व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए या अपनी मैट्रिकोत्तर शिक्षा के लिए जिसके लिए नियोजक ने उसे जारी रखने के लिए अनुमति दे दी है, भविष्य निधि खाते से नावापसी पेशगी की अदायगी प्राधिकृत कर सकता है, लेकिन यह पेशगी प्राधिकरण की तारीख पर, निधि में सदस्य के अपने अंशदान और उस पर ब्याज सहित जमा राशि की पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होगी

2. इस नियम के अधीन सदस्य को कोई पेशगी संस्वीकृत नहीं की जाएगी जब तक कि :-

क) सदस्य ने निधि की सदस्यता के पाँच वर्ष पूरा न कर लिए हों;

ख) सदस्य के अपने अंशदान और उस पर ब्याज सहित निधि में उसके नाम पाँच हजार रुपए या अधिक जमा न हों; और

3. इस नियम के अधीन सदस्य को तीन से अधिक पेशगियाँ स्वीकृत नहीं की जाएंगी ।

19 च. **असामान्य स्थितियों में पेशगियों की स्वीकृति**

1. न्यासी मंडल, ऐसे सदस्य से आवेदन प्राप्त होने पर, जिसकी चल या अचल संपत्ति बाढ़, भूचाल या वर्गों जैसी असाधारण प्राकृतिक विपत्तियों से क्षतिग्रस्त हो गई है, अदृष्ट व्यय के लिए उसे भविष्य निधि खाते से दस हजार रुपए की या प्राधिकरण की तारीख को निधि मे सदस्य अपने अंशदान और उस पर ब्याज सहित जमा

राशि का 50% को, इनमें से जो भी कम हो, नावापसी पेशगी की अदायगी प्राधिकृत कर सकता है ।

3. उपनियम (1) के अधीन कोई पेशगी नहीं दी जाएगी जब तक कि:-

i) राज्य सरकार यह घोषणा नहीं करती कि विपत्ति से क्षेत्र की आम जनता प्रभावित हुई है;

ii) सदस्य समुचित प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता कि उसकी संपत्ति (चल या अचल) विपत्ति के परिणामस्वरूप क्षतिग्रस्त हो गई है ।

iii) सदस्य द्वारा उपनियम (i) में उल्लिखित घोषणा की तारीख से 1 माह के भीतर पेशगी के लिए प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है

19 छ. **<u>विकलांग सदस्यों को पेशगी स्वीकृत करना ।</u>**

1. विकलांग सदस्य को, विकलांगता के कारण होने वाले कष्टों को कम करने के लिए आवश्यक उपस्कर की खरीद के लिए, निधि में उसके खाते से नावापसी पेशगी स्वीकृत की जा सकती है ।

2. उप-नियम (1) के अधीन कोई भी पेशगी तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि न्यासी बोर्ड की संतुष्टि के लिए सदस्य सक्षम चिकित्सक से इस आशय का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं कर देगा कि वह विकलांग है ।

